## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. राज्य में पहले चरण के तहत होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कार्य शुरू।
2. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नहीं मिली जमानत, प्रवर्तन निदेशालय की अदालत ने खारिज की याचिका, चाचा के निधन पर तेरह दिनों के लिए मांगी थी बेल।
3. झारखंड उच्च न्यायालय ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सरायकेला जिले के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विजय कुमार को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित।
4. मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में राज्य भर में तेज लू जारी रहने की जताई संभावना, दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है अधिकतम तापमान, 30 अप्रैल तक अलर्ट जारी।

और

5. गुमला में खेले जा रहे राज्य स्तरीय अंतर जिला अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वाटर फाइनल मुकाबले में देवघर ने लोहरदगा को हराकर सेमीफाइनल में पाया प्रवेश।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में पहले चरण के तहत होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदाता सूचना पर्ची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण कार्य शुरू हो गया है। श्री कुमार ने आज बताया कि इस पर्ची में मतदाता की जानकारी, मतदान केंद्र और गूगल लोकेशन दी जाती है। मतदाता इस पर्ची के साथ मतदान केंद्र पर पहचान पत्र के माध्यम से वोट कर सकते हैं।

********************

गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने भरोसा जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। गुजरात में आज एक जनसभा में श्री शाह ने अनुच्छेद–370 निरस्त करने जैसे ऐतिहासिक फैसले, राममंदिर का निर्माण, आतंकवाद और नक्सलवाद के खतरे से सफलतापूर्वक निपटने और देश में शांति का प्रसार करने के लिए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वलसाड जिले के धरमपुर में एक रैली में पिछले दस सालों में गरीबों और जनजातीय लोगों पर अन्याय के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव जीतने पर सभी खाली सरकारी पदों को भरेगी।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय की अदालत ने 13 दिनों के लिए अंतरिम जमानत देने की याचिका आज खारिज कर दी। याचिका में श्री सोरेन ने कहा था कि उनके चाचा राजाराम सोरेन के निधन हो जाने के कारण उनके अंतिम संस्कार और क्रिया–कर्म में शामिल होने के लिए उन्हें 13 दिनों की अंतरिम जमानत प्रदान की जाए।

********************

कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दिन होने वाले मतदान को लेकर नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो गई है। 3 मई तक नामांकन किया जा सकेगा। उपायुक्त

और जिला निर्वाची पदाधिकारी मेघा भारद्वाज ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि छह मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है।

********************

रांची के पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेता रामटहल चौधरी ने आज कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी ने रांची लोकसभा से टिकट देने का वादा किया था, जिस कारण उन्होंने हाल में ही कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली थी, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दी गयी।

********************

धनबाद रेल मंडल द्वारा चलाये गए 36 घंटों के टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 3203 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया है। इनसे 16 लाख 45 हजार 160 रुपए जुर्माने के रूप में वसूले गए।

********************

कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके तहत स्वीप कोषांग के जरिये नैतिक मतदान को लेकर आम लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सरायकेला जिले के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश विजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर ने बताया कि निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय झारखंड उच्च न्यायालय रहेगा।

********************

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में झारखण्ड समेत देश के पूर्वी और दक्षिण हिस्सों में तेज लू जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने कहा कि इस दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिसे देखते हुए 30 अप्रैल तक अलर्ट जारी किया है।

********************

देवघर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर ने फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण को हरा–भरा रखने और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करने का आग्रह किया है। जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया था।

********************

सिमडेगा जिले में लंबित मामलों के निःशुल्क निष्पादन के लिए आज व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने इस लोक अदालत का उद्घाटन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों और पक्षकारों से लचीलापन अपनाने और मामलों के तेज गति से निष्पादन के निर्देश दिए। इधर, गुमला और चाईबासा में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर आज विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया, जहाँ चेक बाउंस और बिजली समेत अन्य मामलों का निष्पादन किया गया।

********************

गढ़वा जिले के विशुनपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव आज उनके सरकारी आवास से बरामद किया गया। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

********************

साहिबगंज जिले के राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप वाहनों की जांच के दौरान आज एक गाड़ी से चार लाख तैंतीस हजार पांच सौ रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपयों की जांच की जा रही है।इधर, चतरा जिले से पुलिस ने चालीस लाख रुपये मूल्य की आठ किलो अफीम बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय ने बताया कि गिद्धौर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से यह बरामदगी हुई है।

********************

जमीन की अवैध खरीद–बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने आज बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 10 मई निर्धारित की है।

********************

चतरा जिले की संघरी घाटी में आज एक यात्री बस पलट जाने से उसपर सवार एक युवती समेत दो यात्रियों की मौत हो गयी, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इधर, रांची के मांडर थाना क्षेत्र स्थित ब्रांबे वाटर पार्क के समीप आज एक स्कूल बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उस पर सवार 15 बच्चे घायल हो गये। वहीं, एक अन्य दुर्घटना में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कचहरी मोड़ के पास आज सुबह तेज रफ्तार कार ने एक वृद्ध महिला को ठोकर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने कार सवार दो युवकों को पकड़ लिया। जो नशे में पाए गए। लोहरदगा में ही एक अन्य हादसे में आज कुडू इलाके में एक स्कूटी सवार ने सड़क किनारे पेड़ में ठोकर मार दी, जिससे उसपर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

********************

गुमला जिले के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में अंतर जिला अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वाटर फाइनल मुकाबले में देवघर ने आज लोहरदगा को 70 रनों से हरा कर इस राज्यस्तरीय मुकाबले के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। देवघर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा की टीम मात्र 181 ही बना सकी।

*******समाप्त*******